भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 132
दिनांक 04.12.2023 को उत्तर के लिए

युवा संसद प्रतियोगिता

132. श्री नीरज डांगी:
डॉ. अमी याज्ञिक:
श्री दिग्विजय सिंह:
श्री धीरज प्रसाद साहू:
श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या संसदीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान स्कूलों में आयोजित यूवा संसद प्रतियोगिता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान स्कूलों में युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित करने में सरकार द्वारा खर्च की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार युवाओं को नेतृत्व कौशल, सार्वजनिक रूप से बोलने की क्षमता और उनके समुदाय को प्रभावित करने वाले मुद्दों की गहरी समझ विकसित करने में किस तरह से सहायता करने का विचार रखती है?

उत्तर

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) संसदीय कार्य मंत्रालय देश भर के विद्यालयों में निम्नलिखित युवा संसद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है:-

(i) शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के तहत विद्यालयों के लिए युवा संसद प्रतियोगिताएं।

(ii) केन्द्रीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता।

(iii) जवाहर नवोदय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता

योजनाओं के अनुसार, प्रत्येक प्रतियोगिता संबंधित मूल शैक्षिक संगठनों यानी शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और शिक्षा विभाग, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी); केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति द्वारा नामांकित प्रतिभागी विद्यालयों के बीच आयोजित की जाती है। विद्यालयों को मूल शैक्षिक संगठनों द्वारा उनके संगठनात्मक ढांचे के अनुसार नामांकित किया जाता है, न कि राज्य-वार।

पिछले पांच वर्षों के दौरान भाग लेने वाले विद्यालयों का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.सं.	वर्ष	प्रतिभागी संस्थाओं की संख्या		
		दिल्ली के विद्यालय	केंद्रीय विद्यालय	जवाहर नवोदय विद्यालय
1	2018-19	33	125	64
2	2019-20	31	125	64
3	2020-21	कोविड-19 महामारी फैलने के कारण आयोजन नहीं किया गया।		
4	2021-22			
5	2022-23	39	150	80

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान विद्यालयों में युवा संसद प्रतियोगिताओं के आयोजन में संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा खर्च की गई धनराशि का विवरण निम्न प्रकार है: -

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा खर्च की गई धनराशि (रूपये में)
1.	2018-19	26,43,150/-
2.	2019-20	35,69,837/-
3.	2020-21	6,78,086/-
4.	2021-22	40,000/-
5.	2022-23	3,84,557/-

(ग) लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने, अनुशासन की स्वस्थ आदतें विकसित करने, दूसरों के विचारों के प्रति सहिष्णुता पैदा करने और विद्यार्थी समुदाय को संसद के कामकाज से परिचित कराने के उद्देश्य से संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा युवा संसद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

****